कुलदीप 7822
28/1/21
BSA

कार्यालय सहायक अभियन्ता

प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बरेली

पत्रांक : 07 / कैम्प/4 दिनांक : 28 /01 /2021

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बरेली।

विषय : नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुसार प्रमाण पत्र देनें के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ : आपका पत्रांक–व0स0–3 / मान्यता / 24630–32 / 2020–21 दिनांक 02.01.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि उड़ान इंटरनेशनल स्कूल, केसरपुर, बिथरीचैनपुर के विद्यालय भवन का निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में विद्यालय प्रबन्धन / उपस्थित कर्मचारी द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय भवन का निर्माण वर्ष 2018–19 में कराया गया है, जो वर्तमान में प्रथम तल स्तर तक निर्मित है। यह भी अवगत कराना है कि उक्त स्कूल भवन के प्रबन्धक द्वारा नोटरी पर दिये गये शपथ पत्र एवं संलग्न अन्य तकनीकी प्रमाण पत्रों के दृष्टिगत विद्यालय भवन का सम्पूर्ण निर्माण कार्य AR. ANANT KUMAR B.Arch. COA-No. CA/2018/98106 Bareilly-243001 के दक्ष तकनीकी स्टाफ की देख–रेख में नेशनल बिल्डिंग कोड मे प्राविधानित मानकों का पूर्ण अनुपालन करते हुए भवन निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का तकनीकी परीक्षण उपरान्त प्रारम्भ से वर्तमान स्थिति तक कराया गया है। उक्त विद्यालय भवन की छत एवं दीवारों के निर्माण में पूर्ण मजबूती है। भवन में धूप एवं ठंड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। कक्ष हवादार एवं रोशनीयुक्त हैं। भवन स्वामी द्वारा दिये गये शपथ–पत्र, आर्किटेक्ट द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र तथा स्थल निरीक्षण के क्रम में उक्त भवन के अब तक कराये गये निर्माण एन0बी0सी0 मानकों के अनुरूप प्रतीत होता है। लो0नि0वि0 द्वारा पूर्वनिर्मित भवन सामग्री का परीक्षण नहीं किया जा सकता। अतः उक्त के आधार पर अब तक निर्मित भवन एन0बी0सी0 मानको के अनुरुप होने का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। शासन द्वारा समय–समय पर जारी नेशनल बिल्डिंग कोड के अन्तर्गत नियमों का पालन करना स्वयं भवन स्वामी को सुनिश्चित करना होगा।

संलग्नक : AR. ANANT KUMAR
B.Arch./ COA-No. CA/2018/98106
Bareilly-243001
द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र एवं
अन्य सभी प्रपत्र

27/1/2021
सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : / दिनांक : /01 /2021

प्रतिलिपि : अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली को सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली

अध्यक्ष / प्रबन्धक
उड़ान इंटरनेशनल स्कूल
केसरपुर, बरेली